# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## Final Examination (19 March 2026)
## Subject - Hindi
## Class - VII (SET - B)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

(भाग-क) पठन

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनिए:(5)**

परिश्रम जीवन की सफलता की कुंजी है। कोई भी व्यक्ति बिना परिश्रम के महान नहीं बन सकता। इतिहास साक्षी है कि जिन लोगों ने निरंतर मेहनत और लगन से कार्य किया, उन्होंने ही जीवन में ऊँचाइयाँ प्राप्त कीं। भाग्य केवल उसी का साथ देता है जो स्वयं पर विश्वास रखता है और कठिन परिस्थितियों में भी प्रयास करता रहता है।

आज के समय में अनेक विद्यार्थी असफलता से डरकर परिश्रम से बचने का प्रयास करते हैं। वे त्वरित सफलता की कामना करते हैं, जबकि वास्तविक सफलता धैर्य और निरंतर अभ्यास से ही प्राप्त होती है। असफलता हमें कमजोर नहीं बनाती, बल्कि हमारे अनुभव को बढ़ाती है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें और पूरे मन से परिश्रम करें, तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी।

1. गद्यांश के अनुसार सफलता की कुंजी क्या है?

क) भाग्य ख) धन ग) परिश्रम घ) बुद्धि

2. भाग्य किसका साथ देता है?

क) जो केवल सपना देखता है ख) जो दूसरों पर निर्भर रहता है

ग) जो स्वयं पर विश्वास रखता है घ) जो परिश्रम से बचता है

3. आज के विद्यार्थी परिश्रम से क्यों बचते हैं?

क) उन्हें समय नहीं मिलता ख) वे असफलता से डरते हैं

ग) उन्हें मार्गदर्शन नहीं मिलता घ) उन्हें लक्ष्य नहीं पता

4. वास्तविक सफलता कैसे प्राप्त होती है?

क) त्वरित उपायों से ख) भाग्य से ग) धैर्य और निरंतर अभ्यास से घ) दूसरों की सहायता से

5. विद्यार्थी को सफलता के लिए क्या करना चाहिए?

क) केवल सोचते रहना ख) लक्ष्य से भटक जाना ग) पूरे मन से परिश्रम करना घ) दूसरों की नकल करना

**प्र2क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई छह करें)** (3)

मिसाल, विलंब, नीर, जमघट, पीड़ा, पाला, नज़रअंदाज़

**प्र3 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (कोई 3 करें)** (3)

असहनीय, तकनीकी, उपस्थिति, आर्थिक

B-1

Scanned with OKEN Scanner

प्र4क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए: (1×4=4)

क) 'मानव की प्रगति' पाठ में पवनश्री की क्या समस्या है?

ख) मीराबाई ने श्री कृष्ण की किन लीलाओं का वर्णन किया है?

ग) 'माँ' पाठ में एक बेटे का अपनी माँ के प्रति कैसा व्यवहार था?

घ) वसंत की सुंदरता का श्रेय किसे जाता है?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए- (कोई तीन करें) (2×3=6)

क) बुद्धिमती ने ही प्रदूषण नामक दानव को दूर करने का बीड़ा क्यों उठाया?

ख) माँ के त्याग का कर्ज़ कोई बच्चा अदा नहीं कर सकता। कारण बताइए।

ग) 'रंग जाती एक ऋतु' कविता का मुख्य संदेश क्या है?

घ) 'भक्ति के पद' कविता में से किसी एक पद के मुख्य संदेश की व्याख्या कीजिए।

## (भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

प्र5क) निम्नलिखित प्रत्यय से दो नए शब्द बनाएँ: (1+1+1=3)

ना

ख) 'लगाव' शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखें।

ग) 'खिलौना' शब्द में 'ना' प्रत्यय है। (सही/गलत)

प्र6क) संधि कीजिए- (2+1=3)

1) अधि+एता 2) पौ+अक 3) अनु+ईक्षण 4) भो+इष्य

ख) संधि विच्छेद करें- 1) गायक

प्र7क) समस्तपदों का समास विग्रह करें- (1+2=3)

1) भरपूर 2) पंचरत्न

ख) समस्तपद बनाएँ और समास का नाम लिखें-

1) जीत या हार 2) हाथ के लिए कड़ी

प्र8. विलोम शब्द लिखें- (3)

नवीन, प्रवेश, निर्मलता, अल्पायु, सुगम, उदय

प्र9क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखें- (2)

जवान, वर

ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का सही अर्थ छाँटे- (1)

1) राम नदी के <u>तीर</u> पर खड़ा है। (किनारा, बाण)

2) सूर्य <u>पूर्व</u> की ओर से निकलता है। (एकदिशा, पहले)

प्र10. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें - (3)

दिन, धरती, हाथी

प्र11क) निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न लगाकर वाक्य को दोबारा लिखिए: (2)

1) आप कौन है

2) वाह कितना सुहाना मौसम है

B-

Scanned with OKEN Scanner

ख) निम्नलिखित विराम चिह्न का नाम लिखें- (1)

1) ; 2) !

प्र12. अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद का नाम बताएँ- (3)

क) हम कल मेला देखने जाएँगे।

ख) आपकी यात्रा मंगलमय हो।

ग) हम आज कहीं नहीं जाएँगे।

प्र13. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के भेद का नाम लिखें- (2)

क) हमने गाजर का हलवा खरीदा।

ख) खूब गरमी पड़ रही है।

प्र14. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के भेद का नाम लिखें- (2)

क) दादा जी सो रहे है।

ख) रवीना ने गीत गाया।

प्र15क) निम्नलिखित लोकोक्तियों का उनके सही अर्थ के साथ मिलान कीजिए- (2)

| | |
|---|---|
| 1) एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी | क) परिणाम कम काम बहुत अधिक |
| 2) खोदा पहाड़ निकली चुहिया | ख) इच्छा शक्ति हो तो मंज़िल मिल ही जाती है |
| 3) जहाँ चाह वहाँ राह | ग) खुद गलती करके दूसरे को धमकाना |
| 4) खाली दिमाग शैतान का घर | घ) खाली व्यक्ति उल्टा सीधा सोचता है |

ख) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरस्वरूप सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1)

1) 'जान बूझकर मुसीबत मोल लेना' के अर्थ में कौन-सी लोकोक्ति का प्रयोग किया गया है?

क) जिसकी लाठी उसकी भैंस ख) लातों के भूत बातों से नहीं मानते

ग) आ बैल मुझे मार घ) काठ की हाँड़ी बार-बार नहीं चढ़ती

2) 'अपने करीब की वस्तु या व्यक्ति का महत्व न समझना' के अर्थ में किस लोकोक्ति का प्रयोग किया गया है?

क) आम खाने से मतलब है या पेड़ गिनने से

ख) आगे कुआँ पीछे खाई

ग) डूबते को तिनके का सहारा

घ) घर की मुरगी दाल बराबर

प्र16क) निर्देशानुसार क्रिया विशेषण शब्द भरिए- (1)

क) बच्चा ............ भूखा है, उसे खाना दो। (परिमाणवाचक क्रिया विशेषण)

ख) ............... बहुत अँधेरा है। (स्थानवाचक क्रिया विशेषण)

ख) निम्नलिखित रेखांकित क्रिया विशेषण का भेद बताएँ- (1)

क) वह <u>सदैव</u> सत्य बोलता है।

ख) रोहन <u>ध्यानपूर्वक</u> पढ़ता है।

B

Scanned with OKEN Scanner

ग) निम्नलिखित वाक्यों में उचित सम्मुच्चयबोधक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें-(1)

1) ............ हम मैच जीते, तो मै तुम सबको पार्टी दूँगा।

2) अध्यापक जी पढ़ा रहे है .......... बच्चे सुन रहे है। (1)

घ) निम्नलिखित वाक्यों में से संबंधबोधक शब्द छाँटें:

1) वह मित्रों के साथ खेल रहा है। (1)

2) रमन के बाद काव्या पाठ करेगी।

ङ) निर्देशानुसार करें:

1) अजी! बच्चो के लिए बाज़ार से पेन लाने है। (विस्मयादिबोधक शब्द छाँटे)

2) मुझे ...... आज यह कार्य करना पड़ेगा। (उचित निपात शब्द छाँटे)

प्र17. पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)

मानव ने विज्ञान और **तकनीकी** के क्षेत्र में बहुत **प्रगति** की है। अब वो गाँवों से निकलकर शहरों की बड़ी-बड़ी सोसाइटी में रहता है। उन्होंने बड़े-बड़े शहर बसाए हैं, ऊँची इमारतें बनाई हैं, **संचार** की सुविधाएँ विकसित की हैं। अब वह खेती, **उद्योग** और व्यापार में भी बहुत आगे बढ़ गया है। लोगों के पास तरह-तरह की गाड़ियाँ हैं, इंटरनेट के माध्यम से वे पूरी दुनिया से जुड़े रहते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में भी बहुत उन्नति की है और तो और स्मार्टफ़ोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स जैसी तकनीकें विकसित कर ली हैं। मानव ने अपनी बुद्धि और मेहनत से जीवन को आसान और आरामदायक बना लिया है।

1) मानव कहाँ रहना अधिक पसंद करता है?

क) बड़ी-बड़ी सोसाइटी में ख) वनों में ग) वृद्धाश्रम में घ) पहाड़ों में

2) आज का मानव किस माध्यम से पूरी दुनिया से जुड़ जाता है?

क) माता-पिता के माध्यम से ख) स्कूलों के माध्यम से

ग) इंटरनेट के माध्यम से घ) अपने काम के माध्यम से

3) मानव की बुद्धि और मेहनत से मानव का जीवन कैसा हो गया है?

क) दुखी और अधूरा ख) आसान और आरामदायक

ग) बेसहारा और असुरक्षित घ) धीमा और कठिन

4) पत्र के स्थान पर अपना संदेश पहुँचाने के लिए आजकल किसका प्रयोग होता है?

क) डाकिया ख) टैलीग्राम ग) स्मार्टफोन ग) सभी

Scanned with OKEN Scanner

## (खण्ड-घ) लेखन

**प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:** (5)

**विद्यार्थी जीवन में खेल-कूद का महत्तव**

**संकेत बिंदुः** विद्यार्थी जीवन और खेलकूद, शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक, खेल-भावना का विकास, तनाव से बचाने में सहायक, पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में रूचि लेना

**अथवा**

**आज की नारी**

**संकेत बिंदुः** नारी का सशक्त रूप, गरिमामयी, विभिन्न क्षेत्रों में योगदान, सबला रूप, विभिन्न गुण, घर और कार्यक्षेत्र दोनों दायित्व निभाना

**प्र19. निम्नलिखित औपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए।** (5)

आपके नगर में चेन झपटमारी बढ़ती जा रही है। इस बारे में दैनिक जागरण अ.ब.स नगर के संपादक को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए एक समचार प्रकाशित करने का अनुरोध कीजिए।

**अथवा**

आपके नगर की दीवारें अनचाहे विज्ञापनों से भरी पड़ी हैं। नगरपालिका अध्यक्ष से इन्हें हटवाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

**प्र20.** आपको अपनी पुरानी कार बेचनी है। इस के लिए एक सुंदर सा विज्ञापन बनाइए। (4)

**प्र21. किसी एक विषय पर लधु-कथा लिखें।** (5)

दक्ष के विद्यालय में एक 'योग शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर शुरू हुआं उसमें दक्ष की कक्षा के बच्चे भी शामिल हुए। योगाचार्य बता रहे थे कि यदि स्वस्थ रहना है तो योग तो करना ही होगा और साथ ही 'चाय और जंग फूड' आदि पर भी रोक लगानी होगी। दक्ष रोज़ाना पिज्जा, बर्गर खाया करता था। वह सोचने लगा ........................

**अथवा**

ड़र के आगे जीत है

Scanned with OKEN Scanner